दिनांक 26.10.2021 को कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर में राजभाषा हिंदी कार्यशाला एवं निरीक्षण हेतु श्रीमान सूर्य प्रकाश (संयुक्त निदेशक-राजभाषा) कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय चेन्नई द्वारा किया गया।

चिकित्सा अधीक्षक महोदय द्वारा सँयुक्त निदेशक महोदय का हार्दिक अभिनंदन कर कार्यशाला का विधिवतरूप से उद्घाटन करवाया गया । उपनिदेशक-राजभाषा प्रभारी द्वारा बैठक का संचालन किया गया। इसी क्रम में (संयुक्त निदेशक- राजभाषा) द्वारा राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया एवं उसमें प्रशासनिक शाखा, वित्त शाखा, सीआरआई शाखा एवं सामान्य शाखा में होने वाले नियमित सभी कार्य को किस तरीके से व बेहतर राजभाषा हिंदी में ज्यादा से ज्यादा किया जाए और उन्होंने बताया कि फाइल, मोहर, नेम प्लेट ,बोर्ड इत्यादि दोनों भाषाओं में (हिंदी एवं अंग्रेजी) में होना चाहिए। इस दौरान संयुक्त निदेशक- राजभाषा द्वारा प्रशासन शाखा, वित्त शाखा, सामान्य शाखा एवं नकद शाखा की फाइलें, पत्रवालियों, रजिस्टरों, मोहरों एवं कार्यालयों आदेशों व पत्रों इत्यादि का निरीक्षण किया गया। कार्यशाला के दौरान वहां पर उपस्थित सभी कर्मचारियों से प्रश्नोत्तर एवं मौखिक टेस्ट लिए गए और उन प्रश्नों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान हिंदी का इतिहास, देवनागरी लिपि, हिंदी का विकास, हिंदी की महत्ता व इसकी संस्कृति के बारे में भी प्रकाश डाला गया। राजभाषा प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि मन्त्रालयिक कार्यों को राजभाषा हिन्दी में ही काम करने व हिन्दी कार्यशैली में कार्य करने की क्षमता को बढ़ावा देने के हमेशा सकारात्मक प्रयास किए जाते है ।

अंत मे चिकित्सा अधीक्षक महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी का आभार प्रकट करते हुए और सभी को विश्वास दिलवाया कि हम सभी अस्पताल में हिंदी में कार्य करने की क्षमता को और अधिक बढ़ाएंगे। तपश्चात बैठक समापन किया गया। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक, सहायक, उच्च श्रेणी लिपिक, निम्न श्रेणी लिपिक, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, नर्सिंग ऑर्डरली एवं सोशल वर्कर सहित कर्मचारी उपस्थित रहें।